## सार-समाचार

### पर्यावरण संरक्षण करें : राठौड़

**बाड़मेर**, (निसं)। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री और टोंक विधायक सचिन पायलट के पर्यावरण संरक्षण के आव्हान पर कांग्रेस पार्टी के यवा नेता आजाद सिंह राठौड़ के नेतृत्व में बाडमेर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में बीस हजार पौधों का वितरण किया जा रहा है। आजाद सिंह राठौड़ ने बताया की गत दिनों बाडमेर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र मीठडी, परो, जसाई, मारुडी, सरणू पनजी, सरणू चिमनजी, चवा, आदर्श चवा, डाबलिसरा एवं रावतसर में पौधों का वितरण किया गया। साथ ही ग्रामीणों से आव्हान किया की प्रत्येक ग्रामीण अपने घर के आगे एक पौधा अवश्य लगाएं। राठौड़ ने कहा कि हमारे पूर्वज तो पर्यावरण के प्रति हमेशा जागरूक रहे है, हमारे पूर्वजों ने अलग अलग तरह के प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण के प्रयास किये है। अब हमें भी पूर्व की भांति पर्यावरण सरंक्षण की सामूहिक जिम्मेदारी लेनी होगी। पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष नारायण बृजवाल ने बताया कि हमारे नेता आजाद सिंह राठौड़ द्वारा चलाये जा रहे हरित पर्यावरण अभियान के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे है, अब कई ग्राम पंचायतों से आगे से लोगों के फोन आने लगे है कि हमारे यहां पौधे पहुंचाएं, यह जागरूता इस अभियान को सफलता की ओर ले जा रहा है। कार्यक्रम प्रभारी मुलतान सिंह महाबार ने बताया की बाडमेर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में पौधा वितरण कार्यक्रम को आमजन द्वारा भारी सहयोग मिल रहा है। इस अभियान के तहत बहुत जल्द बाड़मेर विधानसभा क्षेत्र में बीस हजार पौधों का वितरण किया जाएगा।

### शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**आबूरोड**, (निसं)। बी.एस. मेमोरियल स्कूल आबूरोड में शनिवार को छात्र समिति के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। बी.एस.मेमोरियल के सतरंगी पताकाओं और गुब्बारों से सुसज्जित परिसर में समारोह का आगाज हुआ। विद्यालय के निदेशक एवं प्राचार्य प्रमोद चौधरी ने विद्यालय ध्वज फहरा कर सदनों के परेड दलों की सलामी ली। निदेशक एवं प्राचार्य ने स्कूल के हैड बॉय ध्रुव कुमावत एवं हैड गर्ल चेष्टा अग्रवाल को स्कूल ध्वज, बैज एवं पद-पट्टा प्रदान किया गया। येलो सदन कप्तान सद्दाम हुसैन व उपकप्तान तनिषा यादव, ग्रीन सदन कप्तान तीर्थराज सिंह व उपकप्तान विधि पुरोहित, ब्लू सदन कप्तान प्रदक्षराज सिंह व उपकप्तान भूमिका कंवर तथा रेड सदन कप्तान आरव पटेल व उपकप्तान तुषार सजनानी को अपने-अपने सदनों के कप्तानों को सदन प्रभारियों ने तथा उपकप्तानों को सह प्रभारियों द्वारा बैज एवं सदन पट्टा पहनाया गया। छात्र समिति के सभी सदनों के अनुशासन कप्तानों, सांस्कृतिक कप्तानों एवं खेल कप्तानों को शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बैज पहनाए गए। विद्यालय के निदेशक एवं प्राचार्य प्रमोद चौधरी ने पदाधिकारियों को आदर्श पदाधिकारी बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वाह करने के लिए कटिबद्ध रहे। जिम्मेदारियां ही जीवन में अपना मुकाम स्थापित करती है।

### तिरंगा बनाओ रंग भरो कार्यक्रम

**बाड़मेर**, (निसं)। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत घर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी बाड़मेर की ओर से जसनाथ एजुकेशन एकेडमी शास्त्री नगर स्कूल में तिरंगा बनाओ रंग भरो कार्यक्रम से शुरू की गई। विद्यालय के सैकडों बच्चों तथा बच्चियों द्वारा तिरंगा बनाकर रंग भर कर प्रस्तुत किया गया। घर-घर अभियान के जिला सह संयोजक धनराज व्यास ने बताया कि प्रथम द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार का वितरण भाजपा जिला अध्यक्ष आदु राम मेघवाल ,चौहटन प्रधान रूपाराम सारण, जिला प्रवक्ता एवं कार्यक्रम संयोजक ललित बोथरा द्वारा दिया गया। भाजपा जिला प्रवक्ता एवं तिरंगा अभियान संयोजक ललित बोथरा ने कहा कि बूथ से लेकर जिले तक उक्त कार्यक्रम को संपन्न करना है। कार्यक्रम में जिला मंत्री अनिता चौहान तथा धनराज व्यास भी उपस्थित थे। मंच संचालन प्रबंध निदेशक खीम सिंह चौहान ने किया तथा धन्यवाद स्कूल निर्देशक मोहम्मद रफीक ने दिया।

### अवैध अफीम, डोडा पोस्त पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। ग्रामीण पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को पकड़ा है। इनके पास से 32.740 किलोग्राम डोडा पोस्त सहित स्विफ्ट कार में दो तस्कर को गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक अनिल कयाल ने बताया कि जांबा पुलिस की तरफ से कार्रवाई की गई। इसमें थानाधिकारी मगाराम मय जाब्ता द्वारा सरहद जाम्बा में मोटाई रोड पर नाकाबंदी के समय स्विफट कार में परिवहन कर रहे 32.740 किलोठााम अवैध डोडा पोस्त सहित दो भाईयों हनुमानगढ़ के 23 एमओडी विकास कुमार व पवनकुमार पुत्र रामचन्द्रराम बिश्नोई को गिरफ्तार किया गया।

### बाड़मेर के तीन चिकित्सा संस्थान चयनित

**बाड़मेर**, (निसं)। जिले के तीन चिकित्सा संस्थानों का गुणवत्ता मानकों का राज्य स्तरीय असेसमेंट किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बाड़मेर डॉ चन्द्रशेखर गजराज ने बताया कि राज्य स्तरीय टीम ने ०3 एवं 4 अगस्त को कल्याणपुर चिकित्सालय, 4 अगस्त को भूणिया एवं 5 अगस्त को लीलसर चिकित्सालय पर दी जा रही चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता मानकों का राज्य स्तरीय असेसमेंट किया। असेसमेंट के दौरान जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। एडिशनल सीएम्एचओ डॉ. हरेन्द्र भाकर ने बताया कि एनक्यूएएस के तहत जिले की 41 चिकित्सा संस्थानों को सलेक्ट किया गया है। तीन चरणों में असेसमेंट किया जाएगा, इसी माह छह और चिकित्सा संस्थानों का राज्य स्तरीय असेसमेंट किया जाएगा। राज्य स्तरीय असेसमेंट में चयन उपरांत इन संस्थानों का नेशनल असेसमेंट होगा। गौरतलब है कि हाल ही में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भाडखा का नेशनल लेवल पर चयन किया गया था। डॉ भाकर ने बताया इसी वर्ष प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र असाडा का राज्य स्तरीय असेसमेंट में चयन हो चुका है और अगले माह नेशनल लेवल असेसमेंट भी करवाया जाएगा। डॉ. गजराज ने यूनीसेफ टीम का तकनीकी सहयोग पर आभार जताया।

### जातरू ट्रेन से गिरा, मौत

**जोधपुर**, (कासं)। लोक देवता बाबा रामदेव का मेला शुरू होने में अभी एक माह बाकी है। उसके दर्शनार्थ जातरूओं के आने का सिलसिला आरंभ हो गया है। गुजरात से रामदेवरा जा रहा एक जातरू चलती ट्रेन से अलसुबह गिर गया। जातरू मथानिया के रामपुरा भाटियान गांव की सरहद में ट्रेन से गिरा था। मथानिया पुलिस ने कार्रवाई की और शव को उसके परिजन को सुपुर्द किया। थानाधिकारी राजीव भादू ने बताया कि गुजरात के बनासकांटा से कुछ जातरू रामदेवरा दर्शनार्थ ट्रेन में सफर कर रहे थे। वहां का रहने वाला एक जातरू सेदाभाई पुत्र रामजी भाई रामपुरा भाटियान में चलती ट्रेन से संभवतः पैर फिसलने से गिर गया। उसकी मौत हो गई।

### केंद्रीय कारागृह का निरीक्षण किया

**जोधपुर**, (कासं)। रालसा जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर जिला की सचिव पूर्णिमा गौड़ ने केंद्रीय कारागृह जोधपुर की महिला सेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल में भोजन, साफ सफाई, चिकित्सा की व्यवस्थाएं माकूल पाई गई। निरीक्षण मे उप कारापाल देवांक शर्मा व हेड इंचार्ज पार्वती मीना ने बताया कि महिला सेल में कुल 86 महिला बंदी एवम 6 बच्चे निरुद्ध है। महिला बंदियों द्वारा केंद्रीय कारागृह जोधपुर की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया।

### संग्रहालय के सेल्फी केन्द्र आकर्षण बने

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के दोनों राजकीय संग्रहालयों सरदार राजकीय संग्रहालय एवं राजकीय संग्रहालय मण्डोर के परिसर में इन दिनों स्थापित सेल्फी पोइंट आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में 'हमारा तिरंगा-हमारी शान, हर घर तिरंगा उत्सव' के अन्तर्गत उत्साही जन भागीदारी का दिग्दर्शन कराने के लिए इन सेल्फि पाइंट की स्थापना की गई है । यहां आने वाले लोग उत्साह से तिरंगे के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान के साथ सेल्फि का आनंद ले रहे हैं। दोनों ही संग्रहालयों में रोजाना बड़ी संख्या में आम जन और स्कूली बच्चे सेल्फि पोइंट पर आकर तिरंगे के प्रति सम्मान और देशभक्ति का परिचय दे रहे हैं।

### पिंडवाड़ा में बरसात

**पिंडवाड़ा**, (निसं)। पिंडवाड़ा में शनिवार शाम को झमाझम बारिश होने पर सड़कों पर पानी बहता नजर आया। दिन भर गर्मी का दौर जारी रहने के बाद शनिवार शाम को 4 बजे से तहसील क्षेत्र के गांव सहित शहर में हुई। बरसात का दौर शुरू हुआ आसमान मैं बिजली की तेज रोशनी बादलों की गडगडाहट के साथ एक घंटे जमकर वर्षा हुई। वही पूरी रात तेज झमाझम बारिश का दौर जारी रहा। जिससे शहर के हर इलाका सडक गलियां पानी में जलमग्न हो गई। वही गर्मी का रुख नरम हो गया।

# उत्कर्ष : शिविर में रक्तदाताओं को हेलमेट भेंट किए जाएंगे

**जोधपुर**, (कासं)। आगामी 13 अगस्त को उत्कर्ष संस्थान की तरफ से देशव्यापी जागरूकता मिशन के रूप में आयोजित होने वाले विशाल रक्तदान शिविर में प्रत्येक रक्तदाता को यातायात सुरक्षा की दृष्टि से उच्च क्वालिटी का हेलमेट भेंट किया जाना संस्थान की ओर से सुनिश्चित किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रक्तदाताओं को भेंट किए जाने वाले हेलमेट शनिवार को संस्था के सह संस्थापक तरुण गहलोत द्वारा कुमार गौरव और अक्षय गौड की उपस्थिति में अनबॉक्स किए गए। बताया i स्विंय की सुरक्षा करके ही औरों के काम आया जा सकता है।

कार्यक्रम संयोजक हरी किशन ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक व निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत के जन्मदिवस पर संस्था द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में रक्त दान कर जीवन सुरक्षा की कडी में योगदान देने वाले प्रत्येक रक्तदाता के जज्बे की कद्र करते हुए प्रोत्साहन प्रतीक के रूप में उच्च क्वालिटी का हेलमेट भेंट किया जाएगा, क्योंकि हेलमेट भी हर दुपहिया वाहन चालकों के लिए यातायात संबंधी जीवन सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच होता है।



**13 अगस्त को उत्कर्ष संस्थान के शिविर में रक्तदाताओं को भेंट किए जाने वाले हेलमेट संस्था के सह संस्थापक तरुण गहलोत द्वारा कुमार गौरव तथा अक्षय गौड की उपस्थिति में अनबॉक्स किए गए।**

### भेडाणा में प्रभात फेरी निकाली

**भेडाणा**, (निसं)। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भेडाना में प्रभातफेरी का आयोजन हुआ।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत शनिवार को स्थानीय विद्यालय के छात्र - छात्राओं तथा गुरुजनों द्वारा तिरंगा रैली निकालकर घर - घर तिरंगा लगाने की अपील की तथा प्रभात फेरी के दौरान विद्यार्थियों ने आमजन से 13 से 15 अगस्त तक अपने - अपने घरों, प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराने तथा हर घर तिरंगा अभियान में अधिकाधिक भागीदारी निभाने का आव्हान किया। बच्चों तथा गुरूजनों ने मुख्य मार्गो से होते हुए रैली निकालकर भारत माता के नारे लगाते हुए राष्ट्र भक्ति का परिचय दिया। रैली में प्रधानाचार्य दुर्गाराम गोयल, व्याख्याता पूनमा राम कासनिया, व्याख्याता मनोज सोलंकी, व. अ. हेमेंद्र कुमार विश्नोई, महेश कुमार मीणा, फरसा राम गर्ग, कोसला राम चौधरी, धीराराम, बाबूराम गोयल, सावित्री देवी, चेनाराम, प्रभु राम, मनोज कुमार, हरीश कुमार मीणा सहित सैकडों विद्यार्थियों ने भाग लिया। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की शपथ ली। प्रधानाचार्य दुर्गाराम गोयल ने अमृत महोत्सव की जानकारी दी तथा व्याख्याता पूनमाराम कासनिया ने सक्रिय भागीदारी निभाने की कही।

# सुंधा माता तलहटी पर साधु को आश्रम में दी समाधि

**जालोर / रानीवाड़ा**.(निसं)। जालोर जिले के जसवंतपुरा के सुंधा माता तलहटी पर एक साधु की आत्महत्या के मामले में दिन भर लोग आरोपियों की गिरफ्तार की मांग पर अड़ रहे तथा 36 घंटे तक पेड़ से लटक रहे साधु के शव को नीचे उतारने पर सहमति बनी। पुलिस ने साधु के शव का पोस्टमार्टम करवाकर समाधि के लिए सुर्पुद किया तो फिर विवाद हो गया।

इस दौरान कुछ भक्तों ने विवादित जमीन पर ही साधु की समाधि के लिए कार्य शुरु कर दिया। जिस पर मामला एक बार फिर गर्माया। लेकिन जालोर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुकृति उज्जैनिया व जालोर अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्र प्रसाद्व के प्रयास से समाझाईश कर साधु को आश्रम परिसर में ही समाधि दी गई ।

शनिवार को रविनाथ महाराज के गुरु मंगलनाथ के आने पर वार्ता समझौते तक पहुंची । समझौते में एफ आई आर में नामजद आरोपी को सात दिन में गिरफ्तार करने, आश्रम में जाने के लिए रास्ता देने, आश्रम की जमीन का पट्टा देने, मुकदमें की जांच हत्या मानकर की जाये एवं नब्बे० दिन के भीतर जांच हो।

समाधि देने के पूर्व लोग नामजद आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग पर अडे रहे। इस दौरान युवकों द्वारा सुंधा माता रोड बंद कर दिया।

सुंधा माताजी की तरफ से एक कार आने पर उस पर पत्थर बाजी करना शुरू कर दी। जिस पर पुलिस ने रास्ता खुलवाने की कवायद शुरु करने पर पुलिस पर भी पत्थरबाजी हुई जिस पर देवाराम पुलिस कांस्टेबल के सिर पर पत्थर लगने से लहुलुहान हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है।

दूसरी ओर श्री बाला हनुमान मंदिर में संत के भक्त उपवास पर है। कल सुबह से किसी ने आहार ग्रहण नहीं किया है। भक्तों की तादात एक हजार के आस -पास बताई जा रही है। उनकी एक ही मांग है की तीनों आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हो ताकि दिवंगत आत्मा को शांति मिल सके।

आश्रम और सुंधा माता सडक के बीच भीनमाल विधायक पूराराम चौधरी की लगभग 20 बीघा जमीन है। जिसे राज्य सरकार की ओर से टूरिज्म कोटे में संपरिवर्तित किया है। इस जगह विधायक चौधरी का रिसोर्ट प्रस्तावित है। जमीन करोडों की आंकी जाती है। यदि जमीन की चारदीवारी बनाई जाती है तो सडक से आश्रम जाने का रास्ता बंद हो जाता है।

विधायक का कहना है कि नियमानुसार पैमाईश करवाकर आश्रम के लिए उन्होंने रास्ते की जमीन छोड़ दी थी। आश्रम व उनके बीच कोई विवाद नहीं था। संत की आत्महत्या व सुसाइड नोट जांच का विषय है।

साधु रविदास की आत्महत्या प्रकरण की जांच के लिए कांग्रेस कमेटी ने तीन सदस्यीय दल बनाया है। जिसमें जालोर प्रभारी मंत्री अर्जुनसिंह बामणिया, राजस्व मंत्री रामलाल जाट, जालोर प्रभारी भूराराम सीरवी आत्महत्या प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट कांग्रेस पार्टी को सुपुर्द करेगी।

थानाधिकारी मनीष सोनी ने बताया कि दिवंगत संत के सांसारिक भतीजे बाबूराम रणछोड़राम मेघवाल निवासी पंसेरी की रिपोर्ट पर एससी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधायक पूराराम चौधरी उनके चालक धनसिंह व बीजनाथ उर्फ छोगाराम के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। विधायक पूराराम चौधरी पर दर्ज एफआईआर की जांच पुलिस ने सीआईडी, सीबी को जांच की रिपोर्ट भेजी है।



**हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले मातमी पर्व मुहर्रम को लेकर मेहंदी के अवसर पर पाली शहर में जंगीबाड़ा से मुस्लिम समाज के अखाड़ों का जुलूस निकला। जिसमें इस्लामी झंडों के साथ तिरंगा झंडा भी हाथों में लिए युवक चल रहे थे तथा करतबाबाजी हुई।** फोटो-राष्ट्रदूत

### महिला के हाथ से मोबाइल लूटा

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के बाइक सवार बदमाशों द्वारा लूट की वारदातों को अंजाम रोजाना दिया जा रहा है। एक बार फिर रातानाड़ा इलाके में महिला से मोबाइल लूट की घटना हुई है। इससे पहले भी दो तीन बार वारदातें हो चुकी है। जिला पश्चिम में भी मोबाइल और चेनें लूटे जाने की घटनाएं नहीं थम रही।

रातानाड़ा पुलिस ने बताया कि सिंधी जटिया कॉलोनी नागौरी गेट की रहने वाली कोमल पत्नी महेंद्र सिंह की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह रातानाडा स्थित जोधाणा होटल के सामने से निकल रही थी। वह मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी कि इतने में बाइक सवार युवक हाथ से मोबाइल लूट कर ले गया। रातानाडा थाने में इस बाबत केस दर्ज करवाया गया। बता दें कि रातानाडा एरिया में मोबाइल लूट की तीसरी घटना हुई है। इसके अलावा शास्त्रीनगर, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, कुड़ी एवं देवनगर में भी मोबाइल और चेन लूटने की घटनाएं हो रखी है।

# दुर्गादास राठौड़ जयंती : निबंध एवं चित्रकला के परिणाम घोषित

**जोधपुर**, (कासं)। वीर दुर्गादास राठौड़ की 384वीं जयन्ती के अवसर वीर दुर्गादास राठौड स्मृति समिति, शिक्षा विभाग, मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट एवं लायन्स क्लब जोधाणा के संयुक्त तत्वावधान में कोर्णाक सीनियर सैकण्डरी विद्यालय, कमला नेहरू नगर में आयोजित निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता के परिणाम शनिवार को घोषित किये गये।

वीर दुर्गादास स्मृति समिति के अध्यक्ष जगतसिंह राठौड़ ने बताया कि वीर दुर्गादास राठौड़ के स्वर्णिम नाम को जीवन्त एवं अक्षुण्य बनाने रखने के उद्देश्य से जोधपुर के विद्यालयों के माध्यमिक, उच्च माध्यमिक एवं प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों की निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन समिति सचिव भागीरथ वैष्णव व कोर्णाक विद्यालय के निदेशक पुखराज रामावत के निर्देशन में 01 अगस्त को किया गया जिसमें 27 विद्यालयों के 350 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था।

निबन्ध प्रतियोगिता में कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों के लिए "राष्ट्रप्रेम के अग्रदूत-राव चन्द्रसेन राठौड" में दिल्ली पब्लिक स्कूल की यशस्वनी कश्यप प्रथम, सरदार दून पब्लिक स्कूल की भूमि सिंघवी द्वितीय एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल के भव्य शर्मा एवं एस.आर. आदर्श विद्या मंदिर की नेहा रामावत तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 9 व 10 के लिए निबन्ध का विषय "साम्प्रदायिक सद्भाव की अनूठी मिसाल-वीर दुर्गादास राठौड" में सरदार दून पब्लिक स्कूल की दिव्यांशी डागा प्रथम, नवीन बाल विद्या मंन्दिर माध्यमिक विद्यालय की राधिका बारासा द्वितीय, हनवन्त चौपासनी स्कूल की संजीवनी राठौड व चौपासनी सीनियर सैकण्डरी स्कूल की कल्पना कंवर तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 6 से 8 के लिए निबन्ध "मारवाड की सांस्कृतिक विरासत" में संस्कार इंटरनेशनल स्कूल की जाह्नवी माथुर प्रथम, बाल भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय की साक्षी लौहार द्वितीय, बाल भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय की रक्षिता वासयानी व दिल्ली पब्लिक स्कूल की मीमांसा त्रिपाठी तृतीय रही।

चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 11 से 12 के लिए "आजादी के 75वर्ष अमृत महोत्सव" के तहत सरदार दून पब्लिक स्कूल के लक्षित गुप्ता प्रथम, सेण्ट एन्स स्कूल की प्राची चौधरी द्वितीय व दिल्ली पब्लिक स्कूल की शिविका चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 9 से 10 के लिए "वीर दुर्गादास राठौड का चित्र" में मयूर चौपासनी स्कूल की नन्दिता माथुर प्रथम व सोमिल भण्डारी द्वितीय एवं बी.आर. बिडला पब्लिक स्कूल के कुमार रुद्र जोशी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 6 से 8 के लिए "शहर की विरासत/स्मारक/जलस्त्रोत" विषय में दिल्ली पब्लिक सकूल की रितिका प्रथम, कोर्णाक सी. सैकेण्डरी स्कूल के मोहम्मद अयूब द्वितीय व आर्मी पब्लिक स्कूल के पी. हर्षित तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 3 से 5 "कोई प्राकृतिक चित्र" विषय में दिल्ली पब्लिक स्कूल के अक्श जैन विहाना रायसवाल एवं वैदिक रुनवाल क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा प्रथम (1) से द्वितीय (2) "कोई मनपसन्द चित्र" में मयूर चौपासनी स्कूल की अनन्या वैष्णव प्रथम, दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रणवी सांखला व वन्दित बाहेती क्रमश द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को 10 अगस्त को वीर दुर्गादास राठौड की जयन्ती के अवसर पर डॉ. एस.एन. मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में प्रातः 9 बजे से आयोजित मुख्य समारोह में पूर्व शासक गजसिंह द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

## सार-समाचार

### गर्ग ने दस लाख रु. की अनुशंषा की

**जालोर**, (कासं)। लंपी स्किन डिजीज के संबंध में शनिवार को जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह विफल हो रही है। भारत सरकार द्वारा समस्त प्रकार की दवाइयां व टिके निःशुल्क दिए जा रहे है, लेकिन राज्य की कांग्रेस सरकार के द्वारा इस संबंध में अभी तक केंद्र सरकार से किसी प्रकार की मांग नहीं की है। वही हमें कितनी मात्रा में दवाइयों व टीको की आवश्यकता है। हमें इस बीमारी से बचाव के लिए जनजागृति अभियान चलाकर आम जनता को जागरूक करना होगा। जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कलैक्टर को गायों में फैली गम्भीर बीमारी के टीकाकरण - उपचार के लिए विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना मद से दस लाख रूपये की अनुशंषा की। राजस्थान में पिछले कुछ दिनों से गायों में फैली गम्भीर बिमारी संक्रमक गांठदार चर्म रोग , वायरस रोग होने के कारण गायों व मवेशियों को शिकार बना रही है । जिससे उनकी मौते हो रही है । इस कारण से गौपालक बहुत परेशान व चिंतित है। ऐसी भयावह स्थिति से मुझे बहुत चिन्ता हो रही है , गाय को हम गौमाता मानते है। इसलिए जनभावनाओं को देखते हुए व गौवंश के बचाव व उपचार के लिए में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना मद से दस लाख रूपये की अनुशंषा की है। शीघ्र ही स्वीकृति जारी कर गायों व मवेशियों को बचाने का कार्य (उपचार के लिए दवा, सोडियम क्लोराईड छिडकाव व अन्य आवश्यक उपचार ) प्रारम्भ की जायें साथ ही गौशालाओं व गौपालकों को बचाव के लिए जागरूक करे।

### गौशालाओं का निरीक्षण किया

**जोधपुर**, (कासं)। जिला कलैक्टर हिमांशु गुप्ता ने शनिवार को प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों की टीम के साथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया और क्षेत्र में लम्पी स्किन डिजीज प्रभावित क्षेत्रों में गौवंश के उपचार के साथ ही डिजीज की रोकथाम एवं बचाव के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में इस दिशा में संचालित गतिविधियों के बारे में ग्रामीणों से फीडबेक भी लिया और अपने क्षेत्र के लोगों को इस बीमारी से बचाव के लिए जरूरी उपायों के बारे में जागरुकता लाने के लिए कहा। जिला कलक्टर ने केरू पंचायत समिति अन्तर्गत् बडली गौशाला और चोखा में संचालित भद्रेश्वर गौशाला का निरीक्षण किया और वहाँ लम्पी स्कीन डिजीज से प्रभावित गौवंश के बारे में जानकारी ली। कलैक्टर ने गौशालाओं में लम्पी स्कीन डिजीज प्रभावित गौवंश को आइसोलेट कर पृथक से रखने तथा उनके हरसंभव बेहतर ईलाज के लिए सभी प्रकार का चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर रामचन्द्र गरवा, पशुपालन विभाग के राज्यस्तर से नियुक्त नोडल अधिकारी, क्षेत्र के तहसीलदार, विकास अधिकारी, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. संजय सिंहवी सहित पशुपालन विभाग के अन्य अधिकारीगण साथ थे। बिलाड़ा के विधायक हीराराम मेघवाल एवं उपखण्ड अधिकारी भवानीसिंह चारण ने क्षेत्र की विभिन्न गौशालाओं का निरीक्षण किया और डिजीज से बचाव व रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से अपने पशुओं को बचाने के लिए सतर्कता बरतने तथा सभी प्रकार की रोग निरोधी गतिविधियों को अपनाने की अपील की। इस दौरान सभी संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### धारणा गौशाला में महोत्सव की तैयारी

**सिवाना**, (निसं)। सिवाना क्षेत्र के धारणा ग्राम के समीप हरिराम महाराज की डोली में स्थित कृष्णा गौशाला प्रांगण में नवनिर्मित छतरी एवं पगलीया स्थापना के महोत्सव की व्यापक तैयारियां चल रही है। सरपंच प्रतिनिधि वगतावर सिंह धवेचा एवं गौशाला अध्यक्ष सांवलराम महाराज की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन रखा गया। जिसमें छतरी निर्माण कमेटी के संयोजक जीवराज जांगिड ने टूटी फूटी सड़क की मरम्मत स्टेज की व्यवस्था पगलिया स्थापन तथा धर्मसभा का आयोजन व मेहमानों का स्वागत सत्कार तथा भोजन व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। तथा समस्त जातियों से सहयोग की अपील की। बैठक में सहयोगी मफतलाल ने सर्वप्रथम बारिश से क्षतिग्रस्त सडक को अविलंब ठीक करवाने की बात कही। वही सिवाना धारणा ग्राम की सरहद में गत दिनों हुई बारिश के कारण धारणा गौशाला को जोड़ने वाली समस्त सड़कें एकदम क्षतिग्रस्त हो चुकी है। यातायात मैं भारी व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। आगामी 9 व 10 अगस्त को गौशाला प्रांगण में प्रतिष्ठा महोत्सव का कार्यक्रम निर्धारित है। इसके लिए कमेटी के संयोजक जीवराज जांगिड ने क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत के लिए स्थानीय विधायक हमीरसिंह भायल व प्रधान मुकनसिह राजपुरोहित से आग्रह किया है।

### तेरापंथ भवन में धर्म सभा

**पाली**, (नि.सं.)। मुनि तत्वरुचि तरुण ने कहा कि अर्हत दुनियां के सर्वोच्च क्षमा पुरुष होते उनसे बड़ा क्षमावान दूसरा कोई नही है। कारण कि अर्हत अनन्त शक्ति सम्पन्न होते हुए भी क्षमा का व्यवहार करते है वास्तव में सामर्थ्यवान का क्षमावान होना ही उनकी महानता का घोतक है। ये विचार उन्होंने शनिवार को मंडिया रोड स्थित तेरापंथ भवन में धर्म सभा के बीच आर्हत वाणी पर प्रवचन करते हुए व्यक्त किए। मुनि ने क्षमावान बनने की प्रेरणा देते हुए कहा का की क्षमा उत्तम पुरुषों का गुण है और वीरों का आभूषण है। विपरीत व्यवहार करने वाले पर रोष नहीं करना, शांति रखना, सहन करना, समता भाव रखना साधारण बात नहीं है। इसके लिए बड़ी सोच और बड़े दिल की होना जरूरी है। सहनशीलता बड़प्पन की निशानी है। यह विशेषता हर किसी में नहीं मिलती। मुनि ने कहा कि भगवान महावीर क्षमा के सागर थे। साधना काल में उनके सामने कितने उपसर्ग,उपद्रव, परेशानियां आई किंतु विचलित नही हुए। उन सबको समता भाव से सहन किया। आचार्य भिक्षु के समक्ष भी अनेक प्रकार की कठिनाईयां आयी परन्तु अपनी सकारात्मक सोच और सहनशीलता से उनको हंसते हंसते झेल लिया। मोके पर मुनि संभव कुमार ने भी सफल जीवन हेतु सहनशील बनने की प्रेरणा ही। उन्होंने कहा दूसरे की विपरीत रुचि, वृति, प्रवृति, प्रकृति, आदत और स्वभाव को समता भाव से सहन करना साधना है, तपस्या हैं। कर्म निर्जरा का हेतु हैं।

### साहित्यिक संवाद आज

**जोधपुर**, (कासं)। साहित्यिक - सांस्कृतिक संस्थान रम्मत की ओर से ख्यातनाम कवि - कथाकार एवं डायरी लेखक प्रोफेसर (डॉ.) सत्यनारायण से संवाद कार्यक्रम का आयोजन रविवार, 7 अगस्त को सांय 5 बजे पांच बत्ती चौराहा स्थित होटल चन्द्रा इन में आयोजित किया जायेगा। संस्थान के सचिव आशीष चारण ने बताया कि कार्यक्रम में देश के ख्यातनाम कवि प्रोफेसर (डॉ.) सत्यनारायण से देश प्रतिष्ठित कवि श्री विनोद पदरज साहित्यिक संवाद करेंगे। इस संवाद कार्यक्रम में डॉ.सत्यनारायण के विराट व्यक्तित्व एवं विशाल कृतित्व पर सवाल-जवाब होने के साथ ही कवि डॉ. सत्यनारायण अपनी काव्य रचनाओं का पाठ भी करेंगे। देश के प्रतिष्ठित बिहारी पुरस्कार सहित अनेक पुरस्कारों से सम्मानित डॉ. सत्यनारायण की साहित्य की विविध विधाओं में अब तक दर्जनों कहानी, रिपोर्ताज, काव्य, संस्मरण, आलोचना, डायरी तथा अनुवाद संग्रह प्रकाशित हो चुके है जिनमें फटी जेब से एक दिन, रेत की कोख में, यायावर की डायरी, यादों का घर, नागार्जुन, रचना का स्वभाव, दुखः किस कांधे पर उल्लेखनीय रचनाएं है।

### बड़ी फोगिंग मशीन रवाना की

**पाली**, (नि.सं.)। पाली नगर परिषद् आयुक्त बृजेश राय ने बताया कि वर्तमान में वर्षा ऋतु को मध्यनजर रखते हुये मौसमी बीमारियों एवं मच्छरों से होने वाली बीमारियों की रोकथाम को लेकर नगर परिषद् द्वारा टेम्पो पर प्लस फोग ( बड़ी फोगिंग मशीन ) फिक्स करवाई। जिसे सभापति रेखा भाटी ने हरी झंडी दिखाई जाकर परिषद् कार्यालय परिसर से लाखोटिया उद्यान होते हुये जिला कलेक्ट्रेट, मस्तान बाबा, नया बस स्टेण्ड होते हुये षहर के मुख्य मार्गों पर फोगिंग करने के लिए रवाना किया। इस मौके पर आयुक्त बृजेश राय, सचिव विनयपाल, उपसभापति ललित प्रीतमानी, पार्षद राकेश भाटी, अधीक्षण अभियंता रामेश्वरलाल शर्मा, सहायक अभियंता कुनाराम, कलीम अशरफ सहित कई जने उपस्थित रहे।

### गौ प्रेमियों ने दिया ज्ञापन

**फालना**, (निसं)। खुडाला फालना नगर पालिका क्षेत्र में आवारा पशुओं के रेडियम बेल्ट बांधने एवं अधूरे पड़े गौशाला कार्य को पूरा करवाने और वर्तमान समय में लंपि बीमारी के निराकरण के लिए फिटकरी एवं फिनाइल के स्प्रे की मांग को लेकर शनिवार को पार्षदों एवं गौ प्रेमियों ने अधिशाषी अधिकारी रामकिशोर एवं अध्यक्ष ललिता रमेशशाह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने के दौरान पार्षद देवेंद्र सिद्धावत, अमित मेहता ललित मालवीय, कुणाल पवार, प्रितपाल सिंह छाबडा, मनीष मालवीय, सुमेर सिंह मेडतिया, जसवंत सिंह सांखला विक्रम सिंह राजपुरोहित, मोहनलाल जाट, भरत मेवाडा जोताराम देवासी, जितेन्द्र सिद्धावत पारस सोमपुरा लविश कुमावत सहित कई जने उपस्थित थे।

# हर घर तिरंगा अभियान के लिए रैली निकाली, लोगों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संदेश दिया



पोकरण क्षेत्र में भाजपा नेता महंत प्रतापपुरी ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम की जानकारी दी।। फोटो-राष्ट्रदूत



बाड़मेर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत मोटरसाईकिल रैली निकाली गई। फोटो-राष्ट्रदूत

**बाड़मेर**, (निसं)। जिला मुख्यालय बाड़मेर में शनिवार को जिला एवं पुलिस प्रशासन की ओर से मोटर साइकिल रैली निकालकर आमजन को हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संदेश दिया गया।

जिला मुख्यालय पर भगवान महावीर टाउन हाल से शनिवार प्रातः 8 बजे जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओमप्रकाश विश्नोई ने मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने आमजन से आगामी 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की। इस दौरान तहसीलदार प्रेम सिंह, बाड़मेर पुलिस उप अधीक्षक आनंद सिंह राजपुरोहित, पुलिस उप अधीक्षक यातायात दीपक कुमार, परियोजना अधिकारी लेखा जीयाराम, अधिशाषी अभियंता भेराराम विश्नोई, विकास अधिकारी सुरेश कविया, कोतवाल उगमराज सोनी, संचित निरीक्षक लील सिंह भाटी, ओम जोशी, सहायक अभियंता राजेन्द्र सिंह, सहायक निदेशक पुखराज सहारन, चन्द्रशेखर पुरोहित समेत विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। तिरंगा रैली, स्टेशन रोड़, अहिंसा चौराहे एवं सिणधरी चौराहे होते हुए वापिस भगवान महावीर टाउन हाल पहुंची। तिरंगा रैली में पुलिस विभाग के जवानों के साथ विभिन्न सरकारी कार्मिक एवं आमजन शामिल हुए। देशभक्ति गीतों के साथ मोटरसाइकिल पर तिरंगा थामे पुलिस के जवानों एवं अन्य लोगों ने आमजन से आगामी 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आहवान किया। तिरंगा यात्रा को लेकर आमजन में खासा उत्साह देखा गया। हर घर तिरंगा अभियान के प्रभारी अधिकारी ओमप्रकाश विश्नोई ने बताया कि बाड़मेर जिले में देशभक्ति कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत 7 अगस्त को महिला एवं बाल विकास विभाग, राजीविका, जिला उद्योग केन्द्र, रसद विभाग की ओर से तिरंगे की थीम पर बंधेज, मिठाई, कशीदाकारी, वॉलपेंटिग करवाई जाएगी। 8 अगस्त शिक्षा विभाग विद्यार्थियों के मध्य चित्रकला, निबंध प्रतियोगिताएं होंगी। कालेज शिक्षा संस्थानों की ओर से 9 अगस्त को विद्यार्थियों के मध्य स्वतन्त्रता सेनानियों के जीवन के प्रेरक प्रसंगों पर चर्चा, 10 अगस्त को झंडे के प्रतीकों एवं ध्वज संहिता पर विचार विमर्श, 11 अगस्त को तिरंगा राखी देश की रक्षा का वादा थीम पर आधारित कार्यक्रम होगा। इस दौरान सरहदी इलाकों में सीमा सुरक्षा बल के जवानों को राखियां बांधी जाएगी। उन्होंने बताया कि 12 अगस्त को आदर्श स्टेडियम में सामूहिक देश भक्ति गीतों का गायन होगा। इसके उपरांत 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराया जाएगा।

## महंत प्रतापपुरी ने दौरा किया

**पोकरण**, (निसं)। देश के नागरिकों को 13 से 15 अगस्त के बीच अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करने को केंद्र सरकार ने 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू किया है। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को लेकर पोकरण भाजपा के वरिष्ठ नेता महंत प्रतापपुरी महाराज व ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष खीमाराम सुथार ने विधानसभा क्षेत्र के गांवों का दौरा कर कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों की बैठकें ली।

महंत ने शनिवार को जालोडा पोकरणा, राजमथाई, बांधेवा, देवपालपुरा गांवों का दौरा किया। महंत ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान देश की स्वतंत्रता, एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च समर्पित करने वाले अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को भी श्रद्धांजलि है। ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष खीमाराम सुथार ने कहा की 13 से 15 अगस्त को तिरंगा फहराए। भाजपा नेताओं ने गांवों का दौरा कर लोगों की समस्याओं को सुना तथा निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की।

इस दौरान ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अर्जुनराम ओड, ओबीसी मंडल अध्यक्ष गायडराम दर्जी, भाजपा जिला परिषद सदस्य जितेंद्र सुथार, पेमाराम सुथार, युवा मोर्चा राजमथाई मंडल अध्यक्ष डूंगरसिंह, किशनसिंह, शैतानसिंह, दलेखा, रोजेखा, नकताराम, प्रयागाराम, गोवर्धनसिंह, पोकरदास सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्रशासन शहरों के संग, राजस्व में बाड़मेर प्रथम

**बाड़मेर**, (निसं)। बाड़मेर की नगर परिषद ने प्रशासन शहरों के संग अभियान में कीर्तिमान स्थापित कर लिया। राजस्व अर्जित करने के मामले में नगर परिषद बाड़मेर राज्य भर में अव्वल आई है, तो सम्पूर्ण कार्यो में राज्य भर में चौथे स्थान पर है। नगर परिषद आयुक्त योगेश आचार्य ने इस सफलता का श्रेय विधायक मेवाराम जैन के सानिध्य में सभापति दिलीप माली, उप सभापति सुल्तान सिंह देवडा सहित अपनी टीम को दिया।

आयुक्त योगेश आचार्य ने बताया कि नगर परिषद बाड़मेर राज्य सरकार की गाइड लाइन अनुसार कार्य कर रही है। लोगो के आवेदनों को समय पर निस्तारित करने के साथ उन्हें पट्टे जारी किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि अब तक कृषि भूमि के 1100, 69 ए के 2369 पट्टे, कच्ची बस्ती नियमन के 104 पट्टे, स्टेट ग्रांट के 250, सिवाय चक आदि के 1019 पट्टे जारी किए गए है। उन्होंने बताया कि कुल पट्टो के 5459 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमे 23 आवेदन स्वीकृति लायक नही थे, शेष 4832 आवेदकों को पट्टे जारी कर ग्यारह करोड़ उन्नीस लाख आठ सौ छियानवे रुपये का राजस्व अर्जित किया। उन्होंने बताया कि लक्ष्य के विरुद्ध हमने 88.94 फीसदी सफलता अर्जित की।जिसका श्रेय नगर परिषद की टीम को जाता है। उन्होंने बताया कि विधायक मेवाराम जैन और सभापति दिलीप माली के सकारात्मक सहयोग से हम लक्ष्य में सफल रहे। आयुक्त ने विश्वास जताया कि जल्द ही राजस्थान में नम्बर वन पर बाड़मेर होगी।

गौरतलब है बाड़मेर नगर परिषद में जब से आयुक्त का कार्यभार योगेश आचार्य ने संभाला परिषद के कार्यो ने गति पकड़ ली।।वरना पहले दो अभियानों में नगर परिषद बाड़मेर फिसड्डी साबित हुआ था। इस बार लोगों के विश्वास पर नगर परिषद खरा उतरा।

आयुक्त आचार्य ने बताया कि नगर परिषद द्वारा भवन निर्माण से सम्बंधित 234 प्रकरणों का निस्तारण,नाम हस्तांतरण के 439 प्रकरण, भूखंडों के उप विभाजन पुनर्गठन के 42 प्रकरणों, खांचा भूमि के 13 प्रकरणों, और लीज से सम्बंधित 102 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

वही जन्म मृत्यु के 7909 प्रकरणों, इंदिरा गांधी क्रेडिट कार्ड योजना के 1606 प्रकरणों,सामाजिक सुरक्षा योजना पेंशन के 347, अन्य विभागों से सम्बंधित 22579 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# शिक्षक संघ की बैठक आज

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की प्रांतीय निर्देशानुसार जिला कार्यकारिणी की बैठक 7 अगस्त को भीनमाल कचहरी रोड विद्यालय में होगी। जिला अध्यक्ष गुलाब भाटी एवं जिला मंत्री शैतान सिंह राजपुरोहित ने बताया कि बैठक में सदस्यता अभियान, 12 अगस्त को आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारत माता पूजन एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम की रूपरेखा, शिक्षक समस्याओं का संकलन, जिला सम्मेलन आदि पर चर्चा होगी।

## तीन घरों व बी.एस.एन.एल. कार्यालय में सेंध

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर कमिश्रेट के तीन घरों और दूरसंचार कार्यालय में चोरों ने सेंध लगाकर नगदी, जेवरात और घरेलु सामान चोरी कर लिया। संबंधित थानों में इस बाबत केस दर्ज करवाया गया है।

मथानिया पुलिस ने बताया कि सेठाराम चौक मथानिया निवासी राधा किशन पुत्र भीकमदास वैष्णव की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि उसका घर 28 जुलाई से सूना पड़ा था। अज्ञात चोर घर से घरेलु सामान के साथ एक हजार की नगदी, दस तोला चांदी के जेवरात आदि चोरी कर ले गए। हैडकांस्टेबल मोमराज इसकी जांच क र रहे है। इधर चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि सेक्टर 16/118 में रहने वाले भूपेंद्रसिंह शेखावत पुत्र हरिसिंह ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह निजी फ र्म में नौक री करता है। उसका घर 29 जुलाई से 2 अगस्त के बीच सूना था। अज्ञात चोर घर से सामान चोरी कर ले गए। कुड़ी भगतासनी पुलिस ने बताया कि झालामंड लीला विहार निवासी बुधाराम पुत्र कानाराम जाट के घर में भी चोरों ने सेंध लगाकर वहां से हजारों के जेवर और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। कुड़ी थाने के एसआई चणनाराम इसकी जांच कर रहे है। जबकि बोरानाडा थाने में बीएसएनएल के इंजीनियर शंकरलाल ने रिपोर्ट दी कि सूरज सिंह, सुनील और जीतू आदि ने मिलकर कार्यालय से कंप्यूटर आदि सामान चोरी कर लिया।

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई



जालोर के राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम)शिवाजी नगर जालोर में शनिवार को प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हें मुन्ना प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

प्री प्राइमरी के 19 तथा प्राइमरी के 15 कुल 34 विद्यार्थियों ने विभिन्न वेशभूषा पहनकर आकर्षक प्रस्तुति प्रदान की। नो बैग डे के दिन आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में प्री प्राइमरी वर्ग में नर्सरी का भव्य प्रथम स्थान पर रहा जबकि एच के जी की साक्षी द्वितीय रही। नर्सरी की गुंजन एवं एल के जी की कृष्टि दोनों संयुक्त रूप से तृतीय रहे।

प्राइमरी वर्ग में कक्षा प्रथम की गिरीशा ने पहला स्थान प्राप्त किया रही।

कक्षा प्रथम की ही आराध्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चतुर्थ के अंजलि एवं हर्षित संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अनूप सिंह, हितेश कुमार दवे एवं रितु मैडम ने निभाई।

इस अवसर पर शैलजा माथुर , शाहिना एस, अम्बिका सिंह, पूजा लालस समेत शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

शिक्षकों के मार्गदर्शन में मिस ऐश्वर्या ने बढयिा तरीके से ऐंकर के रूप में भूमिका का निर्वहन किया।

संस्था प्रधान मनीष कुमार ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान कर उत्साह वर्धन किया।

## उद्यमियों का सम्मान होगा

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर राजस्थान स्टेनलेस स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन के 40 वर्ष होने की उपलक्ष में एसोसिएशन अपनी 37वीं वार्षिक साधारण सभा के अलावा 75 वर्ष और उससे अधिक आयु के 21 वरिष्ठ उद्यिमयों को शनिवार को स्टील भवन में सम्मानित करेगी।

राजस्थान स्टेनलेस स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भंवरलाल चौपड़ा व सचिव सीएस परिहार ने बताया कि एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा में एसोसिएशन द्वारा वर्ष पर्यंत किए गए कार्यों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के साथ ही एसोसिएशन के आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया जाएगा।

स्टील एसोसिएशन के वर्ष 1991-92 में अध्यक्ष रहे पूर्व महापौर घनश्याम ओझा बताते हैं कि शास्त्री सर्किल पर स्टील भवन का निर्माण 16 साल पहले किया गया था। पहले बैठक किसी सार्वजनिक भवन या फैक्ट्री में होती थी। पहली बैठक लक्ष्मीचंद सुराणा के यहां हुई थी।

उद्यमी पुखराज गुप्ता, मंगलचंद मोहनोत, सांवरमल मित्तल, रावलचंद चौपड़ा, रायचंद भंसाली, बाबूलाल जैन, शांतिमल मेहता, पारसमल जैन, मेवाराम बांठिया, इंद्रचंद चौपड़ा, शंकरलाल बोहरा, केवलचंद जैन, सत्यनारायण अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, मोहनलाल अग्रवाल, प्रकाशचंद जैन, भीमराज बुरड़, रामकिशोर ओझा, रामप्रसाद ओझा, पूरणराज अबानी, ओमप्रकाश बूब का सम्मान होगा।

# शहीद की वीरांगना को पांच लाख का चैक सौंपा



सात समंदर पार कांगो में शहीद बाड़मेर के सांवलाराम की वीरांगना को बी.एस.एफ. के अधिकारियों ने पांच लाख रुपये का चैक दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

**बाड़मेर**, (निसं)। 26 जुलाई को सात समंदर पार कांगो में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले बांड निवासी वीर सपूत सांवलाराम बिश्नोई की वीरता के चर्चे चहुंओर हो रहे हैं। समूचा थार अपने वीर सपूत के शौर्य और पराक्रम की गाथा सुनकर गौरवान्वित महसूस कर रहा है ।

शनिवार को बीएसएफ की 83 वीं वाहिनी के कमांडेंट एम पी सिंह ने बांड पहुंचकर वीर सपूत को श्रद्धासुमन अर्पित कर परिवारजनों से मुलाकात की ओर से बीएसएफ डीजी पंकज कुमार सिंह की तरफ से पांच लाख की वितीय सहयोग का चैक शहीद सांवलाराम की वीरांगना रुखमन देवी, पुत्र अक्षय व अभिनव को सुपुर्द किया।

इस दौरान कमांडेंट एम पी सिंह ने कहा कि बीएसएफ सदा वीर सपूत के परिवार के साथ खड़ी रहेगी। इस दौरान वीरांगना को महानिरीक्षक गुजरात फ्रंटियर की तरफ से प्रेषित संवेदना सन्देश भी प्रदान किया गया। इस दौरान शहीद सांवलाराम के पिता विरधाराम बिश्नोई ,भाई राजूराम और रूपाराम ने बीएसएफ सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर 83 वीं वाहिनी की बावा अध्यक्षा मोहिनी यादव ने भी वीरांगना से मिलकर मनोबल बढ़ाया।



राजस्व मंत्री रामलाल जाट ( दाएं से प्रथम ) का प्रथम बार पाली आगमन पर सर्किट हाउस में स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व सभापति केवलचंद गुलेच्छा, मोटु भाई, नीलम बिड़ला, निहालचन्द गुलेच्छा सहित कई जने मौजूद रहे। फोटो-राष्ट्रदूत

## बरसात हुई

**जोधपुर**, (कासं)। मारवाड़ पर काफी दिनों बाद आज मेघ मेहरबान हुए। दोपहर में घिरी काली घटाएं बरसी। कुछे स्थानों पर सूखा भी रहा।

बारिश से सड़कें पानी में भीगने के साथ घरों में परनाली शुरू हो गई। आसमां में घटाटोप छाया हुआ है। दोपहर में हुई बारिश से उमस से कुछ राहत महसूस की गई।

दक्षिण पश्चिमी मानसून प्रदेश में फिर सक्रिय हुआ है। मारवाड़ में काफी दिनों से बारिश नहीं होने से गर्मी और उमस ने बढ़ोत्तरी की वजह से लोग काफी परेशां देखे गए। उमस के चलते पसीने भी निकलने लगे।

# नकबजनी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। ओसियां पुलिस ने तीन शातिर नकबजनों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक अनिल कयाल ने बताया कि 28 जुलाई की रात में रहवासी मकान में घुसकर सोने चांदी के जेवरात चोरी की वारदात करने वाले नकबजनों को ओसियां पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

इस बारे में जैन मंदिर रोड ओसियां निवासी नन्दकिशोर पुत्र रामलाल ओझा ने एक लिखित रिपोर्ट दी थी। चोरों ने सोने चांदी के जेवरात सोने के रामनवमी ,कानों के टोप्स दो,सोने की अगूंठी दो, चांदी के पायजेब व अन्य चुराकर ले गए।

ओसियां थानाधिकारी सुरेश चौधरी के सुपरविजन में टीम ने राहुल पुत्र रमेश तिवाडी, बासनी सेजा गोटन निवासी राजेन्द्र उर्फ कालू पुत्र रामकिशोर जाट व सोगास मेड़ता सिटी निवासी प्रेमसुख भंवरिया पुत्र रामचन्द्र जाट ने चोरी की वारदात करना बताया।

# ब्रह्मकुमारीज के मन मोहिनी वन में कला एवं संस्कृति प्रभाग का राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ

**आबूरोड**, (निसं)। हम लोग जिंदगी भर किसकी तलाश में भटकते रहते हैं, यह हमें ही नहीं पता होता है। जब हम यह जान लेते हैं कि मैं कौन हूं? परमात्मा कौन हैं? मैं इस सृष्टि रूपी रंगमंच पर क्यों आई हूं तो हमारा भटकना और तलाश पूरी हो जाती है। वास्तव में खुद को जानना, खुद के भीतर छिपी शक्तियों को जानना हम सभी के लिए बेहद जरूरी है। हम जिंदगीभर गुस्सा, एंजाइटी को जान ही नहीं पाते हैं कि इनका सॉल्युशन क्या है। ब्रह्माकुमारीज के ज्ञान को, राजयोग मेडिटेशन को जानने, समझने के बाद जीवन से जुडे सभी सवालों को जवाब अपने आप मिल जाते हैं। हमें अपने अंदर मौजूद शक्तियों की पहचान हो जाती है। यह बात मुंबई से आई सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री, निर्माता और निर्देशक शशि शर्मा ने शनिवार को आबूरोड स्थित ब्रह्मकुमारीज के मन मोहिनीवन स्थित ग्लोबल ऑडिटोरियम में कला एवं संस्कृति प्रभाग की ओर से आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आध्यात्मिक सशक्तिकरण से दया एवं करुणा की संस्कृति विषय पर आयोजित सम्मेलन में उन्होंने कहा कि राजयोग मेडिटेशन को जीवन में अपनाने के बाद अब मेरे जीवन में कोई प्रॉब्लम ही नहीं रही है। जीवन में जो भी समस्या आती है तो उसे परमात्मा को बता देती हूं।

फिर वही अपनेआप उसका समाधना ढूंढते हैं। परमात्मा से एक रिश्ता बनाएं। जब आप उससे रिश्ता बना लेंगे तो जीवन आसान हो जाएगा। कोई समस्या नहीं रहेगी।



आबूरोड के ब्रह्मकुमारी संस्थान में कला एवं संस्कृति प्रभाग के सम्मेलन का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

देश की जानी-मानी सुप्रसिद्ध नृत्यांगना और अनेक धारावाहिकों में लीड रोल अदा करने वालीं अभिनेत्री सुधा चंद्रन ने कहा कि मैंने जीवन में अब तक अतिथि देवो भवः सुना था, लेकिन आज ब्रह्माकुमारीज संस्थान में आकर आज इसे प्रैक्टिकल में देखा है। मैंने बचपन में इंगलिस मीडियम स्कूल में परियों और स्वर्ग की कहानी को पढा था। आज इस पावन भूमि में आकार साक्षात् ब्रह्माकुमारियों के रूप में परियों और स्वर्गलोक को देख भी लिया। जीवन में कठिन संघर्ष और कई परिस्थितियों से गुजरने के बाद आज मैं यहां तक पहुंची हूं। उन्होंने बताया कि मेरी सफलता में सिर्फ और सिर्फ मेरी मेहनत है। जब मेरे साथ घटना हुई तो लोग कहने लगे थे कि तुमसे डांस नहीं हो पाएगा लेकिन मैंने कहा कि मैं डांस के लिए ही पैदा हुई हूं। उस दिन मैंने सोच लिया था कि मैं जीवन में कुछ करके दिखाऊंगी। दिल की प्रॉब्लम सिर्फ ऊपरवाले के साथ ही शेयर करती हूं। क्योंकि उसके अलावा कोई आपकी मदद कर ही नहीं सकता है।

इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेत्री और पुलिस की भूमिका निभाने के लिए वर्ल्ड ऑफ गिनीज बुक में रिकॉर्ड दर्ज अनीता राज ने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे बाबा ने यहां बुलाया है। जैसे ही मैं यहां आई तो लगा कि परियों के पास स्वर्गलोक में आ गई हूं। अब यहां बार-बार आती रहूंगी। यह मेरा घर बन गया है।

टीवी सीरियल अभिनेत्री गीतांजली राव ने कहा कि इतनी निःस्वार्थ भाव से काम करने वाली संस्था दुनिया में आपको और कहीं नहीं मिलेगी। मैं सभी से कहती हूं कि एक बार यहां जरूर आएं। सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अभिनेत्री बीना बनर्जी जैसे ही मंच पर आईं और भावुक हो गईं। जाते-जाते उन्होंने कहा कि जितना हो सकेगा यहां से खुद को भरपूर करके जाऊंगी।

ग्वालियर से आये राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पं. साहित्य कुमार नाहर ने कहा कि ओम शांति से ही संगीत के सभी स्वरों का प्रादुर्भाव हुआ है। ओम के उच्चारण में सभी स्वरों का समावेश है। संगीत का वही कलाकार सार्थक है जो स्वरों को आंखों से देखता है। करनाल से आये एहसास पीस फाउंडेशन के निदेशक जावेद इकबाल खान ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनें देश-विदेश में जितनी सेवा नि:स्वार्थ भाव से कर रहीं हैं, इतनी सेवा कोई कर नहीं सकता है। दिल्ली आईं मिसेज इंडिया रनरअप डॉ. श्वेता डागर ने भी राजयोग से जुड़े अपने अनुभव सांझा किए।

इस मौके पर संस्थान के कार्यकारी सचिव बीके मृत्युंजय, प्रभाग के अध्यक्ष बीके दयाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीके नेहा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन करनाल से आई बीके प्रेम ने किया। वीडियो संदेश के माध्यम से संस्थान के महासचिव बीके निर्वैर ने शुभकामनाएं प्रेषित की। मुख्यालय संयोजक बीके सतीश ने आभार व्यक्त किया। जयपुर से आए राजस्थानी डांस ग्रुप के कलाकारों ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी।

